चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/1569
दिनांक : 21-10-21

# विज्ञप्ति

## अति–आवश्यक

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की बी0एड0 द्वितीय वर्ष 2020–21 (सत्र 2019–21) की लिखित परीक्षा दिनांक 11.08.2021 को समाप्त हो चुकी है। उक्त लिखित परीक्षा से पूर्व ही आन्तरिक परीक्षाओं के ऑनलाईन अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जाना था, किन्तु पोर्टल के अवलोकन से स्पष्ट हुआ है कि **कॉलेज कोड–018, 1050, 661, 666, 717, 782, 833 व 913** द्वारा अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अभी तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड नहीं किये गये हैं।

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20.03.2021 के मद संख्या 12 के संकल्प में यह निर्णय लिया गया है कि महाविद्यालयों द्वारा वार्षिक/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के आन्तरिक अंको को परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा, जिसकी विज्ञप्ति भी विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–गोप0/1014 दिनांक 09.04.2021, गोप0/1215 दिनांक 13.07.2021 एवं गोप0/1520 दिनांक 03.10.2021 द्वारा जारी की जा चुकी है। उक्त विज्ञप्ति के बावजूद भी अभी तक आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड न किया जाना अत्यन्त खेद का विषय है। आन्तरिक अंको को समय से पोर्टल पर अपलोड न किये जाने के कारण परीक्षाफल घोषित किये जाने में अनावश्यक विलम्ब होता है और छात्र/छात्राओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल होती है। उक्त स्थिति पर मा0 कुलपति जी द्वारा असन्तोष व्यक्त किया गया है।

मा0 कुलपति जी के आदेश एवं परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षित है कि वे प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक दिनांक 26.10.2021 तक अपलोड करते हुये ऑनलाईन अंकपर्णो की हार्डकॉपी की कुलसचिव प्रति एवं टेबूलेटर प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर दिनांक 28.10.2021 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। **यदि आन्तरिक अंकों के अभाव में महाविद्यालय/संस्थान के परीक्षार्थी किसी भी लाभ से वंचित रह जाते हैं तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा। परीक्षा समिति द्वारा पारित संकल्प के क्रम में समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को यह भी सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा ऑफलाईन अंकों को किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा।**

21/10/2021
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
7. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र।
8. समन्वयक, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
9. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को समस्त सम्मानित राष्ट्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
10. प्रतिनिधि, आउटसोर्स एजेन्सी को इस निदेश के साथ प्रेषित कि समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्बाध लिंक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/527